एक नजर.....

संजय दत्त बायॉपिक में मैं ऐक्ट्रेस नहीं बनी हूं: सोनम कपूर

जब से खबर आई है कि राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बन रही संजय दत्त की बायॉपिक में सोनम कपूर कैमियो में नजर आएंगी, तब से ही उनके रोल को लेकर कई तरह

के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा था कि इस फिल्म में सोनम, किसी ऐसी ऐक्ट्रेस का रोल अदा कर रही हैं जो कभी संजय दत्त की लव इंट्रेस्ट रही हो।

यह भी अनुमान लगाया जा रहा था कि सोनम टीना मुनीम या माधुरी दीक्षित का रोल अदा कर सकती हैं। मगर अब सोनम ने इन खबरों को सिरे से खारिज किया है। सोनम से जब फिल्म में उनके कैरक्टर के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मेरा फिल्म में बहुत ही छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण रोल है। यह वैसा रोल नहीं है जैसा सब लोग सोच रहे हैं। हालांकि अभी इस बारे में कुछ ज्यादा बताने की मुझे इजाजत नहीं है लेकिन मैं फिल्म में कोई ऐक्ट्रेस नहीं बनी हूं।

जरूरी है महिलाओं का कामुक होना: 'बेवफा ब्यूटी' बन लौटीं उर्मिला ने कहा

उर्मिला मातोंडकर इन दिनों चर्चा में हैं. नौ साल बाद फिल्म 'ब्लैकमेल' के आइटम नंबर 'बेवफा ब्यूटी' में उनके ठुमके

और उनके नखरों को खूब पसंद किया जा रहा है. एक लंबे अरसे बाद उर्मिला अपने पुराने अंदाज में वापस आई हैं. ऐसे में जहां 'छम्मा-छम्मा' गर्ल के प्रशंसक उन्हें इस अवतार में खूब पसंद कर रहे हैं तो वहीं वे खुद इस स्पेशल नंबर से वापसी करके बेहद खुश हैं. हाल ही में एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में उर्मिला ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि वे इस गाने से एक बार फिल्मी पर्दे पर लौट रही हैं. इस इंटरव्यू के दौरान उर्मिला ने प्रोफेशनल लाइफ से लेकर मैरिड लाइफ तक की बात.

शबाना आजमी बोलीं, मेरे पिता के शब्द मेरे लिए मंत्र बन गए हैं

मुंबई। जानी मानी अभिनेत्री शबाना आजमी ने कहा कि वह छोटे शहरों एवं गांवों से आये लोगों को रोजगार के मौके

उपलब्ध कराकर अपने पिता एवं मशहूर शायर कैफी आजमी के नक्शेकदम पर चल रही हैं। 67 वर्षीय अभिनेत्री एनजीओ' मिजवान वेलफेयर सोसाइटी' (एमडब्ल्यूएस) चलाती हैं। इस एनजीओ की शुरूआत उनके पिता ने ही की थी। अभिनेत्री ने अपने एनजीओ के माध्यम से कहा कि देश में समग्र आर्थिक विकास लाने के लिये उन्होंने ग्रामीण इलाकों पर ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने कहा, 'मेरे पिता मानते थे कि भारत की शानदार आर्थिक प्रगति सिर्फ तभी अर्थपूर्ण हो सकती है जब यह ग्रामीण भारत तक पहुंचे, जहां80 फीसदी आबादी रहती है लेकिन उन्हें मौके उपलब्ध नहीं होते।' उन्होंने कहा, 'जिन वंचितों और बेसहारों के लिये मैं काम करती हूं, उनके कहे शब्द उस काम में मेरे लिये मंत्र बन गये। जब कैफी साहब ने मिजवान(उत्तर प्रदेश में एक गांव) से अकेले यात्रा शुरू की थी तब भारत के नक्शे पर कोई इस गांव को जानता तक नहीं था। लेकिन आज मिजवान को सारी दुनिया जानती है।

बॉलिवुड के ऐक्शन हीरो अक्षय और रितिक भी हुए टाइगर के कायल

टाइगर श्रॉफ की ऐक्शन पैक्ड फिल्म बागी 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पहले दिन से ही फिल्म ने पर्दे पर भी कमाल किया और बॉक्स ऑफिस पर भी। शूटिंग के दिनों से ही फिल्म चर्चा में है। इसके लिए टाइगर ने खासतौर से मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली है। शायद यही वजह है फिल्म में टाइगर के ऐक्शन को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। सिर्फ आम दर्शक ही नहीं बल्कि बॉलिवुड के सितारे भी टाइगर के कायल हो गए हैं। ट्विटर पर बॉलिवुड के जानेमाने ऐक्टर्स ने टाइगर की तारीफों के पुल बांध दिए।

खुद अपनी फिट बॉडी के लिए दूसरों के रोल मॉडल रितिक रोशन ने टाइगर के लिए लिखा

कि वह इंडस्ट्री के बेस्ट ऐक्शन हीरो हैं और वह उनके साथ काम करना चाहेंगे।

फिल्मों में खतरनाक स्टंट्स कर चुके खिलाड़ी कुमार ने भी टाइगर की तारीफ की और उनकी तुलना टोनी जा से की। बता दें कि टोनी जानेमाने मार्शल आर्ट ऐक्टर हैं।

वरुण धवन ने भी बागी 2 की पूरी टीम को बधाई दी।

इसके अलावा अर्जुन कपूर और अनिल कपूर ने भी टाइगर के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की है।बागी के सफलता के बाद दर्शकों को बागी 2 से भी काफी उम्मीदें थीं। फिल्म भी उनकी उम्मीदों पर खरी उतरती नजर आ रही है। पहले ही दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ की कमाई कर ली है।

मिशेल ओबामा और ओपरा विनफ्रे के साथ स्टेज शेयर करेंगी कंगना रनौत

बॉलिवुड की क्वीन कंगना रनौत लगातार सफलता की नई-नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। अपनी दमदार ऐक्टिंग की वजह से वह तीन बार नैशनल अवॉर्ड जीत चुकी हैं। अब वह

अमेरीका के पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी मिशेल ओबामा और फेमस होस्ट और ऐक्ट्रेस ओपरा विनफ्रे के साथ स्टेज शेयर करने के लिए तैयार हैं। इसको लेकर कंगना काफी एक्साइटेड भी हैं। कंगना न्यू जर्सी में आयोजित होने वाले गांधी गोज़ ग्लोबल समिट में हिस्सा लेंगी। यह समिट अगस्त में आयोजित होगा। इसमें अलग-अलग क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्ति गांधी के विचारों पर इंटरैक्टिव और शैक्षणिक तरीकों से संवाद करेंगे। कंगना ने हाल ही में अपनी फिल्म मणिकर्णिकाः द चीन ऑफ झांसी की शूटिंग खत्म की है और इस समिट को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए हमेशा यह महत्वपूर्ण रहा है कि आप समाज के लिए क्या करते हैं और कैसे उसपर अपनी छाप छोड़ते हैं।

सेंसिटिव लोगों को बॉलिवुड में नहीं आना चाहिए: सोहा अली खान

'पेरिल्स ऑफ बीइंग मॉडरेटली फेमस' की ऑथर और ऐक्ट्रेस सोहा अली खान का मानना है कि बहुत सेंसिटिव लोगों को बॉलिवुड में नहीं आना

चाहिए। 'द मिस फेसिना 2018' के ग्रैंड फिनाले में शिरकत करने आईं सोहा से जब पूछा गया कि मॉडल्स को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, तो उन्होंने कहा, 'मैं मॉडलिंग के बारे में बहुत कुछ नहीं कह सकती लेकिन मैं अभिनय के बारे में कह सकती हूं। बहुत संवेदनशील लोगों को बॉलिवुड का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। यहां आपको ढेर सारी आलोचनाएं झेलनी पड़ती हैं और इसलिए आपकी चमड़ी मोटी होनी चाहिए।'

जीरो में शाहरुख-सलमान वाले सीन में नहीं दिखेंगी कटरीना

शाहरुख खान की अगली फिल्म जीरो को इस साल के अंत में रिलीज किया जाना है। शाहरुख के फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म बहुत से कारणों से खास है। जीरो में शाहरुख के साथ कटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में एक खास गाना भी रखा गया है जिसमें शाहरुख के साथ बॉलिवुड के दबंग सलमान खान नजर आएंगे। हाल में कुछ ऐसी खबरें आई थीं कि सलमान और शाहरुख वाले इस गाने में कटरीना कैफ भी नजर आएंगी। हालांकि हालिया मीडिया रिपोर्ट्स

में इस खबर को खारिज कर दिया गया है। एक सूत्र ने मीडिया को बताया, जब से इस गाने की शूटिंग की गई है तभी से ऐसी चर्चा चल रही है कि इस गाने में शाहरुख और सलमान के साथ कटरीना भी नजर आएंगी। हालांकि यह सच नहीं है। इस गाने में केवल सलमान और शाहरुख ही होंगे। उन्होंने आगे बताया, फिल्म में शाहरुख को कटरीना का फैन दिखाया गया है जबकि सलमान को एक सुपरस्टार दिखाया जाएगा जिसने कटरीना के साथ भी काम किया है। इस गाने को इस तरह फिल्माया गया है कि शाहरुख और सलमान एक-दूसरे का सामना करते दिखाई देंगे। फिल्म की टीम भी इस गाने को देखकर काफी खुश है।

नरगिस की भूमिका में नजर आएंगी ऐश्वर्या

अभिनत्री ऐश्वर्या राय बच्चन अब तक कई दमदार किरदारों को पर्दे पर बखूबी निभा चुकी हैं. फिल्म सरबजीत में दलबीर कौर की भूमिका के लिए ऐश्वर्या को फिल्मफेयर का नॉमिनेशन भी मिला था. जाहिर है कि वह हर तरह के किरदार निभा सकती हैं. हाल में दिए गए एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने बताया है कि उन्हें रात और दिन और वो कौन थी के रीमेक के लिए अप्रोच किया गया है.

इस इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने बताया

है कि जब वह संजय दत्त के साथ फिल्म शब्द की शूटिंग कर रही थीं तब उन्हें ये ऑफर मिला था और तब संजय दत्त ने कहा था कि उन्हें खुशी होगी अगर ऐश्वर्या फिल्म में नरगिस का किरदार निभाएं. ऐश्वर्या ने कहा, मुझे रात और दिन के रीमेक के लिए अप्रोच किया गया था. यह बहुत बड़ा अवसर है मेरे लिए. और जब संजू सर ने कहा कि उन्हें खुशी होगी अगर मैं नरगिस जी का किरदार निभाऊं, ये बात मेरे दिल को छू गई. हम अभी इस पर बात कर रहे हैं.

महेश बाबू के लिए फरहान अख्तर ने गाया सॉन्ग

साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म भारत अने नेनू के साथ एक बॉलिवुड ऐक्टर-डायरेक्टर जुड़ने जा रहा है। अभी तक यह खुलासा नहीं हुआ था कि यह कौन है जो अब साउथ के इस ऐक्टर के साथ जुड़ रहा है। अब इस रहस्य से पर्दा उठ चुका है।

मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, फरहान अख्तर ने इस फिल्म के लिए एक खास गाना आई डोंट नो गाया है। इस फिल्म में तेलुगू सुपरस्टार महेश बाबू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की भूमिका निभाई है। महेश बाबू ने भी एक स्वीट मेसेज के साथ फरहान का तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत किया है। उन्होंने लिखा, थैंक्यू फरहान अख्तर, मुझे यह बहुत पसंद आया। तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में आपका स्वागत है। इस मेसेज के साथ महेश ने फिल्म की अनाउंसमेंट वाला एक विडियो भी अटैच किया है। इस विडियो में फरहान अख्तर कहते दिख रहे है कि यह वह पहली बार कर रहे हैं। महेश बाबू के मेसेज का जवाब देते हुए फरहना ने लिखा, मुझे मौका देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया महेश... आपके लिए गाना गाकर बहुत खुश हूं। फरहान ने खुद पर विश्वास जताने के लिए प्रसाद का भी शुक्रिया अदा किया।

शब्द सामथर्य

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 67 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

सू-दोकू

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.67 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4

राशिफल

मेष- आज आपको आपके कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह का प्रसंग प्रबल होकर फाइनल हो सकता है।

वृष- शुक्र सांसारिक सुख भोगों का प्रतिनिधि हैं, अतः आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार के वृद्धजनों से बहसबाजी में न उलझें। उनकी राय भी सुन लें, उपयोगी सिद्ध होगी।

मिथुन- व्यापार के साझेदारों तथा पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। ऋण भार में कमी होगी।

कर्क- उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रूके धन की प्राप्ति कराएगा। नए संबंधो में स्थायित्व बनेगा। राजनितिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रय शील रहें।

सिंह- कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

कन्या- अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात कोई क्या परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। महिला सहकर्मी व अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

तुला- अचानक उलटफेर में आपको लाभ मिल सकता है। नए कार्य में वैधानिक और तकनीकि पहलुओं पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने लटके हुए कार्यों को बना लेने का मौका भी मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। मामला कार्यक्षेत्र का हो या घर का आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

धनु- आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सांयकाल का समय घरवालों के साथ व्यतीत करें।

मकर- कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो कदापि न दें।

कुंभ- सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धी में प्रतिद्वन्दी आपके पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

मीन- घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। खोया हुआ धन या रूका हुआ पैसा मिल